an>

title: Need to declare Jherda to Sirohi road as a National Highway.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर) ः गुजरात स्थित डीसा से घानेरा राष्ट्रीय राजमार्ग (168) घोषित किया गया है। गुजरात स्थित झेरडा से सिरोही राजमार्ग वाया मंडार रेवदर होते हुए यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 62 से मिल जाता है। झेरडा से सिरोही मार्ग पर दिन-प्रतिदिन गाड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। दोनों तरफ से यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग से मिलने के कारण भारी वाहनों का आवागमन बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग पर मंडार और रेवदार दो घनी आबादी वाले शहर हैं। इन शहरों के पास दिन में ट्रैफिक जाम हो जाना अब आम बात हो गयी है। जिससे आम नागरिकों को स्कूल जाने वाले छात्रों को और व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए रेवदर और मंडार कस्बे के पास इस मार्ग पर बाईपास का निर्माण कराया जाए।

अतः झेरडा से सिरोही मार्ग पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करें।